


नवभारत 06
भोपाल, बुधवार, 10 दिसंबर, 2025


# नेशनल हाईवे की स्पीड में ब्रेकर बने अधूरे कार्य

## तीनों बायपास विवाद में अटके, एक पुलिया भी नहीं बनी, पूरा निर्माण न होने से राहगीर परेशान

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर बहादुरपुर।** पिछले चार वर्षों से क्षेत्र में नेशनल हाईवे बन रहा है। इसके निर्माण की गति बेहद धीमी है, क्योंकि निर्माण कंपनी ने स्वयं काम न करते हुए पेटी ठेकेदारों से काम करवाया। जिन्होंने मनमानी से काम किया। यही वजह है कि अभी तक पंद्रह किलोमीटर का एक भी हिस्सा कंपनी पूरा नहीं बना पाई है। इस हाइवे पर क्षेत्र में तीन बायपास, दो पुल भी बनने हैं। जो सभी अधूरे हैं। जिनमें से दो बायपास तो भूमि अधिग्रहण के मामले में अटके हैं और एक बायपास की पुलिया धंस गई है। वहीं घाट बमुरिया में कैथन नदी पर और बहादुरपुर में मोला नदी पर पुल निर्माणाधीन हैं।

**मुआवजा नहीं मिला तो सड़क पर लगाई बागड़:**

क्षेत्र के बंगला चौराहा पर कुछ किसानों ने बायपास का निर्माण रोक दिया है। यह निर्माण कार्य बीते तीन वर्षों से रुका हुआ है। 1.18 किलोमीटर लंबे इस बायपास पर दोनों ओर से सड़क बनाई जा चुकी है लेकिन बीच में करीब दो सौ मीटर के हिस्से में कोई काम नहीं हुआ है। इस हिस्से पर किसानों ने तार फैसिंग कर रखी है और जिस हिस्से से सड़क बनाई जानी है, वहां पर गेंहू की फसल बो दी है। किसानों का कहना है कि पहले उन्होंने मुआवजा पाने के लिए कई प्रयास किए और कार्यालयों के चक्कर लगाए लेकिन जब उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई तो मजबूरन उन्हे काम को रुकवाना पड़ा। किसान अजब सिंह निवासी बरखेड़ा जमाल ने बताया कि मौजा बरखेड़ा जमाल के सर्वे नंबर 132/2/2 रकबा 3.240 हेक्टेयर भूमि करीब पांच किसानों के स्वामित्व की है। इस भूमि के करीब दो बीघा हिस्से में से नेषनल हाईवे का बायपास बनना है। इस के लिए भू-अधिग्रहण के समय जो सूची जारी हुई थी, उसके अनुसार अजब सिंह, हरगोविंद, लालू, गुलाबबाई, मुन्नीबाई वगैरह को 4 लाख 30 हजार रुपए का मुआवजा मिलना था। जो नहीं मिला।





**ओंडेर में पुलिया से लेकर मलऊखेड़ी मार्ग अधूरा होने से वन वे हुआ:**

इसी नेशनल हाईवे पर ग्राम ओंडेर में सबसे पहले एक पुलिया बनाई गई थी। पुलिया बनने के बाद मलऊखेड़ी मार्ग के जोड़ तक एक ओर की सड़क खोद दी गई, बाद में न तो यह सड़क बनाई गई और न ही पुलिया पर डामरीकरण हुआ। बताया गया है कि ठेकेदार ने इस काम को जिस पेटी ठेकेदार को दिया था, उसने काम पूरा नहीं किया। दोनों के बीच लेन देन का कोई विवाद होने के कारण यह काम अधूरा है। जिससे यह हिस्सा वन वे हो गया है। यदि एक ओर से वाहन आ रहे हों तो दूसरी ओर से जा रहे वाहनों को इंतजार करना पड़ता है।

**पुलिया का स्लोब धंसा:**

क्षेत्र में नेशनल हाईवे के तहत कुल तीन बायपास बनने हैं, जिन में से एक बायपास अतरेजी पर भी बना है। इस बायपास में सब कुछ सही है लेकिन बीच में नहर पर बनी एक पुलिया का स्लोब बीती बरसात में एक ओर से धंस गया है। स्लोब करीब करीब तीन से पांच फिट तक धंसा है। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया बनाने के दौरान सही से पिचिंग नहीं भरी गई, जिससे नहर के माध्यम से आया बरसाती पानी सड़क के नीचे की मिट्टी बहा ले गया और पुलिया के स्लोब धंस गए।

# नर सेवा नारायण सेवा के रूप में कार्य कर रही है रेडक्रास सोसायटी : रामेंद्र सिंह

**शपथ समारोह में शामिल हुए प्रदेश पदाधिकारी**

**पदाधिकारियों ने ली सेवा करने की शपथ**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की नव निर्वाचित प्रबंध कार्यकारिणी के पदाधिकारीयों को रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष कलेक्टर आदित्य सिंह ने एक कार्यक्रम में अपने दायित्व की शपथ दिलाई। मंगलवार को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर पठार पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रदेश सचिव रामेंद्र सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी नर सेवा नारायण सेवा के रूप में कार्य कर रही है। रेडक्रॉस सोसाइटी के सिद्धांत कोई नए सिद्धांत नहीं है। सनातन संस्कृति के हमारे वेदों का ही एक रूप है। इस दौरान गुना विभाग सह कार्यवाह महेश सिंह रघुवंशी, विभाग प्रचारक नितिन, चेयरमैन डा जयमंडल सिंह यादव, प्रदेश सदस्य डॉ अनुराधा यादव, राज्य शाखा प्रतिनिधि डा दीपक मिश्रा डा हरवीर रघुवंशी, वाईस चेयरमैन राजीव जाट, सचिव संजय रघुवंशी, कोषाध्यक्ष देवेंद्र अग्रवाल, डॉ राजकुमार शर्मा, अंकित छाबड़ा, सतीश पाराशर, अशोक सिंह रघुवंशी गुना रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव अशोकनगर पूर्व सीएमएचओ डॉ रामवीर सिंह रघुवंशी आदि मंचासीन थे।

स्वागत भाषण डॉक्टर दीपक मिश्रा द्वारा दिया गया। उन्होंने बताया कि समिति की स्थापना हेनरी दुनिट ने की, युद्ध में घायल की सेवा के लिए भारत में भी आज रेडक्रॉस सोसाइटी मानव सेवा का परम कल्याणकारी कार्य कर रही है। रेडक्रॉस सोसाइटी की नवीन टीम को शुभकामना देता हूं। और हम सब मिलकर सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। नव नियुक्त चेयरमैन डॉक्टर जय मंडल सिंह ने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूरी टीम एक मत से समाज सेवा के लिए समर्पित होकर कार्य करेगी। आगे और बहुत अच्छा करने का हमारा प्रयास होगा। वहीं कार्यक्रम का संचालन सचिव संजय रघुवंशी ने किया, तो वहीं आभार राजीव जैन जाट ने किया। इस अवसर पर मातृशक्ति और रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### वन भूमि से हटाया गया अतिक्रमण

**अशोकनगर।** वन विभाग द्वारा अतिक्रमण के विरोध में लगातार मुहिम चलाई जा रहीं है। इसी कड़ी में वन विभाग द्वारा मंगलवार को आनंदपुर के समीप स्थित भूमि से अतिक्रमण हटाया गया।

दरअसल मंगलवार को वनमंडल अधिकारी प्रतिभा अहिरवार के निर्देशन में एसडीओ अशोकनगर एसपी शाक्य नेतृत्व में वन विभाग की टीम वन परिक्षेत्र अशोकनगर की बीट आनंदपुर के कक्ष क्रमाक आर एफ 24 पर पहुंची, जहां विभाग द्वारा अतिक्रमण बेदखली की कार्रवाई करते हुए जेसीबी की मद्द से करीब 6.529 हेक्टेयर वन भूमि को मुक्त कराई। तो वहीं मौके पर ही अतिक्रमण रोधी ट्रेंच खोदी गई। कार्रवाई के दौरान वन विभाग का अतिक्रमण रोधी दस्ता मौजूद रहा।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का संकल्प करें साकार

## महिला बाल विकास एवं मप्र जन अभियान परिषद द्वारा चलाया जा रहा जागरुकता कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** समुदायों को जोड़ने जागरूकता बढ़ाने और सामाजिक परिवर्तन को जन आंदोलन बनाने हम सबको मिलकर 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत का संकल्प साकार करना है, यह बाते न्यायाधीश मनीष अनुरागी ने महिला बाल विकास विभाग एवं जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था अक्षर पीठ शिक्षा समिति द्वारा संस्कृति स्कूल में आयोजित बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम के दौरान कहीं। दरअसल मंगलवार को बाल विवाह मुक्त भारत के राष्ट्रीय अभियान के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनीष अनुरागी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विशेष अतिथि बृज किशोर शर्मा अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, कार्यक्रम की अध्यक्ष चंद्र सेना भिड़े जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, कार्यक्रम के संयोजक कुमार संभव अध्यक्ष अक्षर पीठ एवं सदस्य विशेष किशोर पुलिस इकाई देवेंद्र संधू सिंह, इंद्रपाल कौर की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।




# निशुल्क नेत्र शिविर में 61 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** बाल्मीकि सेवा समिति द्वारा श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के सहयोग से मल्हारगढ़ रोड स्थित बाल्मीकि मंदिर पर विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 432 लोगों की आंखो की जांच नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा की गई। जिनमें से 61 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर सदगुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय आनंदपुर तहसील लटेरी ले भेजा गया। तो वहीं शिविर में 132 मरीजों को दवाई वितरित की गई, साथ ही 25 लोगों को चश्मे वितरित किये गये। इस मौके पर समाजसेवी एवं महर्षि वाल्मीकि सेवा समिति संरक्षक पं. आशीष पालीवाल, शिक्षक पीएल राय, भाजपा मंडल महामंत्री रामबाबू दुबे, अमित पवार, मनीष वाल्मीकि, रितिक नलवंशी सहित अन्य समिति के सदस्य मौजूद रहे।


सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



श्री भजन लाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

प्रवासी राजस्थानी दिवस
10 दिसम्बर, 2025
प्रातः 10 बजे से
जयपुर एक्जिबिशन एवं कन्वेन्शन सेंटर (JECC), सीतापुरा, जयपुर

मातृभूमि पर पधारे प्रवासी भाई-बहनों का स्वागत है

हमारे प्रवासी राजस्थानी भाई-बहनों ने अपनी कुशलता और कर्मठता से देश-विदेश में नाम कमाया और राजस्थान की धरती को गौरवान्वित किया।

प्रवासियों को राज्य की विकास यात्रा में भागीदार बनाने के लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने हर वर्ष 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' के आयोजन की पहल की।

प्रवासी राजस्थानी दिवस का पहला आयोजन आज 10 दिसम्बर 2025 को जयपुर में किया जा रहा है। प्रवासियों के साथ हमारे इस रिश्ते को मज़बूत करने में यह आयोजन एक अहम कड़ी है।

गरिमामयी उपस्थिति

श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे
माननीय राज्यपाल, राजस्थान

श्री पीयूष गोयल
माननीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री
भारत सरकार

श्री भूपेंद्र यादव
माननीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री
भारत सरकार

श्री भजन लाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री
राजस्थान

श्री गुलाब चंद कटारिया
माननीय राज्यपाल
पंजाब

प्रवासियों की सहभागिता बढ़ाने के लिए 8 विशेष सत्र

- प्रवासी राजस्थानी
- उद्योग
- शिक्षा
- ऊर्जा
- जल संसाधन
- स्वास्थ्य
- पर्यटन
- खनन

राजस्थान संवाद

2 साल नव उत्थान - नई पहचान
बढ़ता राजस्थान - हमारा राजस्थान

आयोजक
Rajasthan Foundation
BIP RAJASTHAN
RIICO GROW WITH RAJASTHAN

इंडस्ट्री पार्टनर
CII Confederation of Indian Industry